डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/953/2026 दिनांक :24 /02/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डा० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः उत्तर प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत आने वाले राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में "भारतीय ज्ञान परम्परा संवर्धन शोधपीठ" की स्थापना के संबंध में सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्रांक डिग्री विकास/3044/2025-26 दिनांक 23.02.2026 के क्रम में तथा शासन के पत्र संख्या I/1243646/2026/70-4002(001)/9/2025 दिनांक 18 फरवरी, 2026 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत आने वाले राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में **"भारतीय ज्ञान परम्परा संवर्धन शोधपीठ"** की स्थापना के संबंध में बिन्दुवार सूचना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि शासन/निदेशालय पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं के अनुसार वांछित सूचनाएँ निर्धारित प्रारूप पर आज ही उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे समस्त सूचना संकलित कर शासन को समयबद्ध रूप से प्रेषित की जा सके।

सूचना बिन्दु	स्पष्ट विवरण
कितने महाविद्यालय ऐसे हैं, जिनकी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हो और जिनकी छात्र संख्या 7500 से अधिक हो?	
ऐसे महाविद्यालयों में पूर्व में कोई शोधपीठ स्थापित है तो उसका विवरण?	

संलग्नकः शासन/निदेशालय पत्र की प्रति।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचननार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित।

1. प्रभारी कुलपति-सचिवालय, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. उप-कुलसचिव, अवासीय इकाई को इस आशय से कि विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सूचना आज ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. सहायक कुलसचिव-सम्बद्धन को इस आशय से प्रेषित के महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित कर सूचना संकलित करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाईल।
5. एजेन्सी को इस निर्देश के साथ कि सूचना समस्त म०वि० की लॉगिन में अपलोड करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

Affisvlett